# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 09 जून, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली देहात**

**बाइक सवार शातिर बदमाश के साथ थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व मोबाइल फोन बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08/09.06.2025 की रात्रि को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम अड़ौली नहर पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया, नही रुका तथा बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर वलीपुरा नहर के बीच रास्ते की ओर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान अनस उर्फ चौड़ा पुत्र जहीर निवासी रूकनसराय निकट उमर फारूख मस्जिद थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस ,बाइक व मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

**उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं जिसके द्वारा दिनांक 09.01.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत बीयर की दुकान के सेल्समेन के साथ मोबाइल व रूपये लूटने एवं दिनांक 07.05.2025 की रात्रि को एक महिला से मोबाइल फोन छीनने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर क्रमशः मुअसं- 21/25 धारा 309(4), 357(3) बीएनएस व मुअसं 318/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। अभियुक्त अनस उर्फ चौड़ा उक्त घटनाओं में लगातार वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**-

1- अनस उर्फ चौड़ा पुत्र जहीर निवासी रूकनसराय निकट उमर फारूख मस्जिद थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर ।

**बरामदगी**-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस।
2- हीरो स्प्लेन्डर बाइक ( बिना नम्बर)
3- 01 मोबाइल फोन

**गिरफ्तार अभियुक्त अनस उर्फ चौड़ा का आपराधिक इतिहास**-

1- मुअसं115/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं117/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं119/24 धारा 414/482 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं121/23 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
5- मुअसं 234/23धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
6- मुअसं 241/23 धारा 414/420 भादवि व धारा 3/4/9/25 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
7- मुअसं 287/24 धारा 307/414 भादवि व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
8- मुअसं 313/24 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
9- मुअसं 315/23 धारा 307/414 भादवि व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
10- मुअसं 564/23 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
11- मुअसं 999/23 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
12- मुअसं 21/25 धारा 309(4)/357(3) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
13- मुअसं 318/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री नीरज मलिक प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात
2. उ0नि0 नरेन्द्र सिंह, उ0नि0 शिवम तोमर, उ0नि0 विजेन्द्र मलिक।
3. है0का0 नितिन, है0का0 परवेश राठी, का0 अमित कुमार, का0 मंगूराम ।






**मीडिया सेल बुलन्दशहर**